# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

वर्ष-1 | अंक-144 | सागवाड़ा, बुधवार,26 जनवरी, 2022 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818


## शिक्षा संकुल के स्ट्रॉन्ग रूम से लीक हुआ REET पेपर

### भजनलाल के मिलने वाले ने दिया था पेपर, दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर।** REET पेपर लीक मामले में बुधवार को SOG ने बड़ा खुलासा किया है। REET का पेपर जयपुर से शिक्षा संकुल के स्ट्रॉन्ग रूम से लीक हुआ था। भजनलाल से पूछताछ के बाद एसओजी ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अब तक एसओजी इस पूरे मामले में 35 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। एसओजी को पूछताछ में पता लगा कि उदाराम को राम कृपाल मीणा ने जयपुर में पेपर दिया था। परीक्षा से पहले रीट पेपर जयपुर में शिक्षा संकुल के स्ट्रॉन्ग रूम में रखा हुआ था। वहां से पेपर को राम कृपाल मीणा ने लीक किया था। रामकृपाल मीणा जयपुर में शिवशक्ति पब्लिक स्कूल चलाता है। अब एसओजी स्ट्रॉन्ग रूम से पेपर देने वाले के बारे में पूछताछ कर रही है।एडीजी एसओजी अशोक राठौड़ ने बताया की रीट पेपर लीक के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी ने भजनलाल से पूछताछ के बाद उदाराम बिश्नोई निवासी जालौर व रामकृपाल मीणा निवासी जगन्नाथपुरी को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता लगा है कि भजनलाल को उदाराम ने रीट पेपर दिया था। यह दोनों जालोर में एक ही गांव के रहने वाले है। भजनलाल ने पेपर मिलने के बाद कई लोगों को बांट दिया।

## डूंगरपुर में कोरोना से पहली मौत, पॉजिटिव मरीजों का आंकड़ा 3 हजार के पार

**डूंगरपुर।** जिले में कोरोना से पहली मौत का मामला सामने आया है। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में मंगलवार रात 55 साल की बुजुर्ग को परिजनों ने कोविड अस्पताल में भर्ती करवाया था। आज बुधवार सबुह वृद्धा की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने कोविड नियम से शव को पैककर परिजनों को सौप दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने घाटी क्षेत्र में अलर्ट कर दिया है। सीएमएचओ डॉ. पंकज कुमार खांट ने बताया कि डूंगरपुर जिले में 25 दिनों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 30 हजार से अधिक सैंपल लिए है। इसमे से 3 हजार 855 पॉजिटिव मरीज आये है। इसमें अधिकतर युवा वर्ग व बच्चें है। तीसरी लहर में कोरोना वेक्सीनेशन के कारण हर्ड इम्युनिटी डवलप होने से बुजुर्गो में संक्रमण ज्यादा नही फैला है। लेकिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें पॉजिटिव आये है। जिले में करीब 300 से ज्यादा स्कूली बच्चें चपेट में आए है। सीएमएचओ ने बताया कि एक भी मरीज में गंभीर लक्षण नहीं है। सभी मरीजो में सामान्य सर्दी–जुकाम, खांसी या बुखार के लक्षण ही है। वहीं किसी भी मरीज में ऑक्सीजन की कमी या सांस लेने में तकलीफ की समस्या देखने को नहीं मिली हैं।

## 9वीं कक्षा की छात्रा से गैंगरेप

### - उसी के स्कूल के 12 वीं के 2 छात्रों ने जंगल में ले जाकर किया दुष्कर्म
### - पीडिता का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में 9वी कक्षा में पढ़ने वाली एक स्कूली छात्रा के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। उसी के स्कूल के 12वी कक्षा के 2 छात्र उसे जंगल मे ले गए और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद छात्रा को उसके घर के सामने छोड़कर चले गए।

छात्रा को गंभीर हालत में डूंगरपुर हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस उपाधीक्षक राकेश शर्मा ने बताया की 15 वर्षीय एक छात्रा गांव के ही एक सरकारी स्कूल में 9वी कक्षा में पढ़ाई करती है। 24 जनवरी को वह स्कूल में पढ़ाई करने गई थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे लंच के समय छात्रा स्कूल से बाहर निकली। उसी के स्कूल के 12वी कक्षा में पढ़ने वाले 2 छात्र उसे घूमकर आने की बात कहते हुए स्कूल से कुछ दूर जंगल में ले गए। जहां दोनों युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद स्कूल की छुट्टी का समय होने पर उसे घर के सामने ही छोड़कर भाग गए।

गैंगरैप पीड़ित नाबालिग छात्रा जैसे–तैसे अपने घर पहुंची और पिता को पूरी घटना के बारे में बताया। इधर पीडिता के पिता ने छात्रा की हालत गंभीर होने के चलते उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया । वहीं पीड़ित के पिता ने मामले की जानकारी बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर डूंगरपुर पुलिस उपाधीक्षक राकेश कुमार शर्मा, बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीतसिंह डूंगरपुर जिला अस्पताल पंहुचे। जहा पर उन्होंने पीडिता के पिता से घटना की पूरी जानकारी ली। वही छात्रा के पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने उसी के स्कूल में पढ़ने वाले 2 छात्रों के खिलाफ गैंगरेप का केस दर्ज कर लिया है। इधर पुलिस ने पीडिता के बयान दर्ज कर उसका मेडिकल करवाया है। वही पुलिस ने मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है साथ ही मामले में दोनो आरोपी छात्रों की तलाश की जा रही है।

## झिंझवा गांव में युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

### कारणों का नहीं हुआ खुलासा, पुलिस कर रही मामले की जांच

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाना क्षेत्र के झिंझवा गांव में एक युवक ने घर के पास पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया की थाना क्षेत्र के झिंझवा गाँव निवासी 30 वर्षीय अशोक पुत्र खुशीराम वरहात मजदूरी का काम करता है। उन्होंने बताया की बीती रात अशोक वरहात ने अपने परिवार वालो के साथ खाना खाया था और घर से निकल गया था। वही काफी देर तक घर नहीं लौटा था। इधर सुबह तक घर नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उसकी तलाश की तो घर के कुछ दुरी पर ही एक पेड़ से अशोक का शव लटका हुआ था। जिस पर परिजनों के होश उड़ गए। वही घटना की जानकारी मिलने पर लोगो की मौके पर भीड़ जमा हो गई। इधर परिजनों ने मामले की सुचना बिछीवाडा थाना पुलिस को दी। सुचना पर बिछीवाडा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। वही पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतरवाया और डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में पहुँचाया। जहा पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के एक लड़का व एक लडकी है।

## रेलवे स्टेशन पर युवक का शव मिलने के मामले में यूपी से आये परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

### जीआरपी को दिया युवक के साथ मारपीट का एक वीडियो, मृतक का मोबाइल भी है गायब

**डूंगरपुर।** जिले के बिछीवाडा थाना क्षेत्र के भेहणा गांव में कल रेलवे स्टेशन पर युवक का शव लटका हुआ मिलने के मामले में यूपी से आये परिजनो ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों ने जीआरपी को युवक के साथ कुछ दिन पहले हुई मारपीट का एक वीडियो दिखाया है।

वही जीआरपी को मृतक का मोबाइल अभी तक नहीं मिला है। जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है। जीआरपी थाना पुलिस के अनुसार कल भेहणा गाँव के भवनाथ रेलवे स्टेशन पर एक युवक का शव उसी के बेल्ट से लटका हुआ मिला था। जिसकी पहचान युवक की जेब से मिले दस्तावेजो के आधार पर यूपी निवासी बाबु सिंह के रूप में की थी। जिसके बाद जीआरपी ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था और परिजनों को मामले की जानकारी दी थी।

इधर सुचना पर आज यूपी से परिजन डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। मोर्चरी पहुंचे परिजनों ने बताया की बाबु सिंह डेढ़ साल पहले घर से निकला था और गुजरात के हिम्मतनगर में पेंटिंग का काम करता था। परिजनों ने बताया की 21 जनवरी को गाँव के एक वाट्सअप ग्रुप में एक वीडियो वायरल भी हुआ था जिसमे मृतक बाबूसिंह के कोई युवक मारपीट कर रहा है। वीडियो देखने के बाद परिजनों को चिंता हुई तो उन्होंने बाबुसिंह को 21 जनवरी को फोन लगाया लेकिन उसने फोन नहीं उठाया वही उसके बाद से परिजन लगातार उसके मोबाइल पर रिंग कर रहे थे लेकिन उसने फोन नहीं उठाया । वही कल उन्हें इस प्रकार की घटना की जानकारी मिली। इधर जीआरपी को कल युवक के पास से कोई मोबाइल भी बरामद नहीं हुआ है। ऐसे में परिजनों ने बाबूसिंह की हत्या होने की आशंका जताई है। फिलहाल जीआरपी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है वही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित होने पहुंचा कोरोना पॉजिटिव

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में गणतंत्र दिवस समारोह में कोरोना पॉजिटिव आया। पुलिस मित्र में अच्छा काम करने पर युवक का आज सम्मान होना था। संक्रमित होने के बाद भी वह कार्यक्रम आया।

शहर के लक्ष्मण मैदान में आज जिला स्तर का कार्यक्रम हुआ। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाले प्रतिभावानों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में राजपुर के 23 साल के पुलिस मित्र का नाम भी शामिल था। 3 दिन पहले वह कोरोना पॉजिटिव आया था।

इसके बाद भी वह पुरस्कार लेने समारोह चला गया। एडीएम कृष्णपाल सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सागवाड़ा उपखण्ड़ में 73वां गणतंत्र दिवस मनाया




सागवाड़ा। उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित होते पत्रकार राकेश खीचीं और पुलिसकर्मी भूपेन्द्र सिंह।

**सागवाड़ा।** उपखण्ड मुख्यालय पर 73वां गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धुमधाम से मनाया गया। वही क्षेत्र के हर गांव में आयोजन कर ध्वजारोहण किया गया। उपखण्ड स्तरीय समारोह शहर में आयोजित हुआ, जिसमें उपखण्ड़ अधिकार राजीव द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया।

शहर के महिपाल खेल मैदान में उपखण्ड़ स्तरीय आयोजन आयोजित हुआ । उपखण्ड़ अधिकारी राजीव द्विवेदी ने इस समारोह में ध्वजारोहण किया और पुलिस दल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया । इसके बाद एडीएम ने राज्यपाल के भाषण का वाचन किया। भाषण के बाद शिक्षक विशाल मेहता ने देशभक्ति संगीत की प्रस्तुति दी। जिससे वहां पर मौजूद हर किसी का दिल जीत लिया।

वही उपखण्ड क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले 87 जनों को सम्मानित किया गया। एसडीम, पालिका चेयरमैन नरेंद्र खोड़निया , तहसीलदार डॉ मयूर शर्मा थानाधिकारी सुरेन्द्र सोलंकीने इन सभी को अपने – अपने क्षेत्र में बेहतर काम करने के उपलक्ष में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। पत्रकार राकेश खीचीं का भी सम्मान हुआ। यातायात सुरक्षा व कोविड 19 को लेकर खुशी एवं दल ने नुक्कड़ नाटक किया।

समारोह का संचालन दिनेश पाटीदार, उमेश पाटीदार व लक्ष्मीकांत जोशी ने किया समारोह मे सभी अधिकारी, जनप्रतिनिधि कर्मचारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।आयोजन कोविड गाइडलाइन के अनुसार ही किया गया।



## गणतंत्र पर बापू को नमन...

कलेक्ट्रेट में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर गणतंत्र दिवस के दिन प्रतिमा पर माल्यार्पण करती डूंगरपुर कलेक्टर शुभम चौधरी।

## गणतंत्र दिवस पर टीएडी राज्यमंत्री अर्जुन बामणिया ने फहराया तिरंगा

### 42 लोगों का जिला स्तरीय समारोह में हुआ सम्मान





डूंगरपुर। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित होते पत्रकार अमरीश त्यागी, गुणवंत कलाल और गलियाकोट विकास अधिकारी मुलाराम सोलंकी

**डूंगरपुर।** जिले में 26 जनवरी पर गणतंत्र दिवस समारोह आज बुधवार को जिलेभर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शहर के लक्ष्मण मैदान में आयोजित किया गया। इसमे टीएडी राज्यमंत्री अर्जुनसिंह बामणिया ने राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया। कोरोना महामारी के चलते इस बार भी कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हुए। वहीं स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी कार्यक्रम से दूर रखा गया। समारोह में उत्कृष्ट कार्यो के लिए 42 लोगो का सम्मान भी किया गया। लक्ष्मण मैदान में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में टीएडी राज्यमंत्री अर्जुनसिंह बामणिया ने तिरंगा फहराया ओर राष्ट्रगान के साथ सलामी दी गई। टीएडी मंत्री ने परेड का निरीक्षण किया। कोरोना की तीसरी लहर के चलते परेड में स्कूली बच्चे नहीं थे।

कलेक्टर शुभम चौधरी ने सभी अतिथियो का स्वागत किया। एडीएम कृष्णपाल सिह चौहान ने राज्यपाल के संदेश का पठन किया गया। इसके बाद जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, भामाशाहो, स्कूली बच्चों, खिलाड़ियों, कोरोनाकाल में भगवान के रूप में लोगों की जिंदगी बचाने वाले डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला स्तर नगर परिषद आयुक्त नरपत सिंह राज पुरोहित सहित 42 लोगो को सम्मानित किया गया। टीएडी राज्यमंत्री अर्जुनसिंह बामणिया ने सम्मानित होने वाले सभी लोगो को शुभकामनाएं देते हुए आमजन ओर लोगो की भलाई के लिए बेहतरीन कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वहीं कोरोना की तीसरी लहर के प्रकोप के कारण इस बार भी छोटे बच्चों के साथ ही बुजुर्गों को कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया और सादगी से कार्यक्रम हुए।

वहीं जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी की ओर से पुलिस लाइन में झंडारोहण किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन के निरीक्षक ने परेड की सलामी दी। वहीं कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर शुभम चौधरी में ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रगान किया गया। डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ श्रीकांत असावा ने तिरंगा फहराया ओर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। वहीं कोरोनाकाल में अच्छा कार्य करने वालो को सम्मानित किया गया।